क्रसेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा:-8	**विषय हिन्दी पाठ्यपुस्तक**	**पाठ: 4**

मौखिक

1.उत्तर बताइए-

(क) बहुमंजिली इमारत के हवादार फ्लैटों का किराया शहर के मकानों से कम था इसलिए वैज्ञानिक यहाँ रहते आ गए।

(ख) सेवाराम जी बिना मुड़े ही पीछे हो रही घटनाओं को जान लेते हैं- ऐसा अनुभव करने पर विष्णु को वे रहस्यमय लगे।

(ग) रंजन और विष्णु घर से दूर जंगली पत्ते और फूल एकत्र कर रहे थे।

(घ) चट्टान के पीछे सेवाराम जी की बात सुनकर विष्णु ने कहा कि इनकी बातों से लगता है जैसे वे वैज्ञानिकों का अपहरण करके किसी अनजान जगह ले जाने वाले हों।

(ङ) बच्चों ने रस्सी के एक छोर को पानी की टंकी के साथ बाँध दिया और दूसरे को सेवाराम जी के आँगन में लटका दिया। इसके बाद बंदर की तरह फिसलते हुए वे आँगन में उतर गए।

(च) विष्णु की माँ ने मुसकराकर अपने पुत्र से बोली कि आज उन्होने फ्लैट के सभी आदमियों को अपने घर जलपान के लिए आमंत्रित किया है।

लिखित

2.प्रश्नों के उत्तर लिखिए

(क) रंजन और विष्णु की ओर पीठ होने पर भी सेवकराम जी यह जान गए कि वे लोग आइसक्रीम खा रहे हैं। यह देखकर रंजन को बहुत आश्चर्य हुआ।

(ख) रंजन और विष्णु ने दरवाजे से झाँकने पर देखा कि कमरे में दो एक कुर्सी, टेबल रखे थे। अंदर से अजीब ढंग की हल्की सी घूंऽ-घूऽ की आवाज भी आ रही थी।

(ग) सेवाराम जी ने चट्टान के पीछे जाकर एक छोटा सा यंत्र निकाला, उसका एरियल जैसा तार खींचा। फिर उन्होने यंत्र में कहा कि मैं थ्री टू वन हूँ। सभी तैयारियाँ हो चुकी हैं। पूर्णिमासी की शाम को मैं यहाँ से सभी वैज्ञानिकों के साथ रवाना हो जाऊँगा।

(घ) सेवाराम जी के कमरे के अंदर एक गोल मशीनी उपकरण था। उसमें जगह-जगह स्क्रीन और डायलवाले यंत्र लगे हुए थे। कई लाल बल्ब तेज़ी से जल-बुझ रहे थे। ऊपर की ओर कमरे की छत गुंबद के आकार की थी। वह छोटा सा मशीनी कमरा लग रहा था।

(ङ) विष्णु ने दरवाजे से बाहर आए वैज्ञानिकों को बताया कि सेवाराम जी ने आपके अपहरण की योजना बनाई हुई है। इनके घर के दूसरे कमरे में उपग्रह जैसा एक यान है। उसमें बिठाकर ये आपका अपहरण करना चाहते हैं।

(च) झिल्ली उतर जाने के बाद सेवाराम के घड़ के ऊपर एक फुटबॉल जैसी चीज़ थी। उसमें दो गड्ढे थे। काँच की गोलियों सी चमकती दो आँखें थी। नाक की जगह दो छोटी ट्यूब निकली हुई थी। सिर पर बाल नहीं थे।

3.यदि ये उत्तर हैं तो इनके प्रश्न क्या होंगे प्रश्न बनाकर लिखिए-

(क) बहुमंजिली इमारत कहाँ बन रही थी?

(ख) विष्णु को कैसा लगता है?

(ग) अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के कौन हैं?

(घ) उनकी आँखें कैसी दिखती हैं?

(ङ) उन्होने सेवाराम जी के फ्लैट के पास जाकर क्या देखा?